तुरंत रिलीज के लिए

# इस सीजन ब्रैम्पटन में विंटर वंडरलैंड की सुरक्षित और स्वस्थ विजिट के लिए गर्म कपड़े पहन के तैयार हो जाएं!

## *इस सर्दी ब्रैम्पटन में चार नए आइस रिंक, स्कीइंग और स्नोशूइंग ट्रेल व और बहुत कुछ आने वाला है।*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (26 नवंबर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, विंटर वंडरलैंड (Winter Wonderland) के लिए तैयार है – यह सर्दी नए आइस रिंक, ट्रेल, आउटडोर गतिविधियों से भरपूर रोमांचक सर्दी होगी। हमारे स्वास्थ्य और तंदरुस्ती के लिए, क्रियाशील रहना जरूरी है और सिटी, निवासियों के लिए सर्दी के महीनों के दौरान, शारीरिक दूरी कायम रखते हुए सुरक्षित और खुली हवा में (आउटडोर) गतिविधियों का मज़ा लेने के कई अवसर पेश कर रही है। गतिविधियों में सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी उपायों का पालन किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं, सीमित कैपेसिटी, शारीरिक दूरी और मास्क पहनना। यह उम्मीद की जाती है कि हिस्सा लेने वाले सभी व्यक्ति, आवश्यक प्रोटोकॉल्स का पालन करने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

नीचे दिया गया है कि विंटर वंडरलैंड के लिए क्या पेश किया जा रहा है!

**आउटडोर स्केटिंग**

निम्नलिखित जगहों पर हर किसी के लिए इस सर्दी आनंद लेने हेतु, शहर में चार नए आइस रिंक हैं:

- वेलीब्रूक पार्क (Valleybrook Park) – सिंथेटिक आइस पायलट
- अर्नसक्लिफ पार्क (Earnscliffe Park) – कृत्रिम बर्फ
- मोरिस केर्बल पार्क (Morris Kerbel Park) – कृत्रिम बर्फ
- फ्लावर सिटी कम्युनिटी कैंपस (Flower City Community Campus) – कृत्रिम बर्फ

हर किसी को, गेज पार्क (Gage Park), गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर (Gore Meadows Community Centre), माउंट प्लैज़ैंट कम्युनिटी सेंटर (Mount Pleasant Community Centre) और चिंगकूज़ी पार्क (Chinguacousy Park) में, हमारे मौजूदा आउटडोर आइस रिंक और ट्रेल उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

यदि मौसम ठीक रहा, तो रिंक 18 दिसम्बर को खुलने की उम्मीद है।

स्केटिंग रिंक और ट्रेल उपयोग करने वाले व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे, कैनेडियन स्टैंडर्ड एसोसिएशन (सी.एस.ए.) (Canadian Standard Association) (CSA) सर्टीफाइड हॉकी हेलमेट पहनें। कृपया सुनिश्चित करें कि आपकी स्केट्स तीखी हैं। डबल-ब्लेड वाली स्केट्स की अनुमति नहीं है।

यदि मौसम गंभीर या बेहद खराब हो जाए, तो सिटी सीजन के दौरान अपने रिंक बंद कर सकती है, जैसे, जब बर्फ को बनाए रखने के लिए पूरी ठंड न हो या यदि तापमान बहुत ज्यादा ठंडा (20 डिग्री सेल्सियस से कम) हो।

अपनी विजिट की योजना बनाने और यह देखने के लिए रिंक खुला है या बंद, www.brampton.ca/winterwonderland पर जाएं।

**आउटडोर क्रॉस-कंट्री स्कीइंग और स्नोशूइंग ट्रेल**

सिटी, इस सीजन अलग उपयोग के लिए चिंगकूज़ी पार्क में, क्रॉस-कंट्री स्कीइंग ट्रेल और स्नोशूइंग ट्रेल पेश कर रही है। ट्रेल तक पहुंच के लिए, अपने खुद के स्की, स्नोशूज और सुरक्षा उपकरण लेकर आएं।

यदि मौसम ठीक रहा, तो जनता के उपयोग के लिए ट्रेल, 18 दिसम्बर को खुलने की उम्मीद है। चिंगकूज़ी पार्क में ट्रेल की जगह और संचालन के घंटों के बारे में जानने के लिए, कृपया www.brampton.ca/winterwonderland पर जाएं।

**वॉकिंग पाथ और ट्रेल**

इस सर्दी, वॉकिंग पाथ प्रोग्राम (Walking Path Program) के साथ खुशियां मनाएं और क्रियाशील रहें। ब्रैम्पटन रेक्रिएशन (Brampton Recreation) के स्टाफ के साथ, अलग-अलग तारीखों को हर उम्र के व्यक्तियों के लिए थीम पर आधारित और स्टाफ द्वारा गाइड की जाने वाली सैर में शामिल होते हुए, ब्रैम्पटन के शानदार पार्क और सैर करने वाले रास्ते देखें, जैसे कुदरती गतिविधियों के साथ, गाइड की जाने वाली हॉलिडे हाइक (Holiday Hike)। यदि मौसम ठीक रहा, तो यह प्रोग्राम सिटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले बर्फ पर चलने वाले जूतों का उपयोग करते हुए होगा।

बच्चों के साथ माता-पिता या सरप्रस्त का होना जरूरी है। वॉकिंग पाथ की जगहें, तारीखें और समय देखने के लिए, दिसम्बर में www.brampton.ca/winterwonderland पर जाएं।

निवासियों को, पूरे ब्रैम्पटन में कई तरह के रेक्रिएशनल ट्रेल (Recreational Trail) सिस्टम्स का आनंद लेने के लिए भी आमंत्रित किया जाता है, जिसमें चिंगकूज़ी ट्रेल (Chinguacousy Trail), डोन डोआन ट्रेल (Don Doan Trail), ऐस्कर लेक ट्रेल (Esker Lake Trail), एटोबीको क्रीक ट्रेल (Etobicoke Creek Trail) और फ्लैचर्स क्रीक ट्रेल (Fletcher's Creek Trail) में सर्दी संबंधी बढ़ी हुई देखभाल शामिल होगी। अधिक जानने के लिए यहां क्लिक करें (Click here)।

**पॉप-अप पारिवारिक गतिविधियां**

परिवार को एकत्र करें और इस सर्दी पूरे परिवार के लिए पेश किए जा रहे आउटडोर ड्रॉप-इन प्रोग्रामों में, ब्रैम्पटन रेक्रिएशन से जुड़ें, जिनमें शामिल हैं, फोर्ट बिल्डिंग (Fort Building) और स्नो आर्ट (Snow Art)। पॉप-अप प्रोग्राम की तारीखें और स्थान, दिसम्बर में www.brampton.ca/winterwonderland पर दिए जाएंगे।

**बोनस: अपना खुद का कम्युनिटी आउटडोर रिंक बनाएं**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के, कम्युनिटी आउटडोर रिंक (Community Outdoor Rink) प्रोग्राम के हिस्से के तौर पर, निवासी अपने खुद के नेबरहुड आइस रिंक का निवेदन कर सकते हैं! अपने पड़ोस में कम से कम पांच निवासियों की कमेटी बनाएं और निवेदन पेश करने के लिए, bramptongreencity@brampton.ca पर ईमेल करें।

यदि आपका निवेदन, संचालित साइट विजिट पर सफल होता है, तो सिटी का स्टाफ, आपके पड़ोस में एक नियत जगह पर आपके रिंक के लिए बोर्ड लगा देगा और बाढ़, देखभाल, निगरानी करने और रोज़ाना मुआयना शीटें भरने की जिम्मेदारी, आपकी कमेटी की होगी। बर्फ पर हर किसी की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सिटी, आपकी कमेटी के साथ मिलकर काम करेगी।

**विंटर वंडरलैंड के लिए रिमाइंडर**

जब आप इन आउटडोर कार्यक्रमों में शामिल हों और सर्दी की सहूलियतों में जाएं, तो यह याद रखना महत्वपूर्ण है:

कोविड-19 (COVID-19) संबंधी स्वास्थ्य और सुरक्षा शर्तें

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, जनता और सिटी के स्टाफ के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए, सुरक्षा उपायों को लागू करना जारी रखेगी। कृपया कोविड-19 संबंधी सुरक्षा की ताज़ा और विस्तृत जानकारी के लिए, www.brampton.ca/winterwonderland पर जाएं।

मौसम संबंधी सूचनाएं

यदि मौसम गंभीर या बेहद खराब हो जाए, तो सिटी सीजन के दौरान प्रोग्राम की तारीखें रद्द कर सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जिस सहूलियत या प्रोग्राम में आप शामिल होना चाहते हैं, वह मौसम के कारण बंद या रद्द नहीं हुआ है, www.brampton.ca/winterwonderland पर जाएं।

**पील पब्लिक हेल्थ के सुरक्षा संबंधी रिमाइंडर**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) हर किसी को याद कराते हैं कि, मास्क पहनकर, शारीरिक दूरी रखकर और अच्छी तरह सफाई रखकर, इस सर्दी स्वस्थ और सुरक्षित रहें।

**हवाले**

“ऐसे समय में, जब सामाजिक संबंध कायम रखना मुश्किल है, हमने इस सर्दी हर किसी के लिए सुरक्षित और मज़ेदार गतिविधियों का सीजन तैयार किया है! मैं हर किसी को सलाह देता हूं कि अपनी स्केट्स तैयार करें, स्नोशूज पहनें, अपने मास्क पहनें या गर्म कपड़े से चेहरे को ढकें, क्योंकि इस सीजन  हम, स्वस्थ और सुरक्षित तरीके से विंटर वंडरलैंड में जाएंगे।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“विंटर वंडरलैंड के हिस्से के तौर पर, चार नए आइस रिंक, नए ट्रेल और प्रोग्राम और बहुत-सी मज़ेदार गतिविधियां, ब्रैम्पटन में होने वाली हैं। हम उत्साहित हैं कि इस वर्ष हमारे समुदाय के लिए यह संभव है और निवासियों को याद कराते हैं कि वे इन गतिविधियों का आनंद लेते समय, सुरक्षित और गर्माहट में रहें।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5 , सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“अब यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि हम, पील पब्लिक हेल्थ के निर्देशों का पालन करते हुए, आनंद लेने और क्रियाशील रहने का सावधानी भरा प्रयास करें। जब आप इस सर्दी, ब्रैम्पटन द्वारा पेश की जाने वाली मज़ेदार गतिविधियों में, स्केटिंग, स्कीइंग और स्नोशूइंग करें, तो सुरक्षा उपायों का पालन जरूर करें।”

- *शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी का स्टाफ, इस सर्दी हमारे समुदाय में मनोरंजन लाने के लिए प्रतिबद्ध है! हर उम्र और क्षमताओं वाले लोगों के लिए उपलब्ध गतिविधियों के साथ, विंटर वंडरलैंड के दौरान हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। गर्म कपड़े पहनकर तैयार हों, मास्क पहनें और आनंद लें।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“क्रियाशील रहना और यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि आप अपनी रोज़ाना की कसरत कर रहे हैं, विशेष तौर पर इस मुश्किल समय के दौरान। इस मौजूदा 28-दिनों के अंतराल के दौरान, याद रखें कि अकेले या उन लोगों के साथ कसरत करना, जिनके साथ आप पहले से ही रह रहे हैं, इन जरूरी गतिविधियों में हिस्सा लेने का सबसे अधिक सुरक्षित तरीका है। मैं आपको सलाह देता हूं कि कुछ ट्रेल में जाएं और आउटडोर गतिविधियों का मज़ा लें। मैं आपको याद दिलाता हूं कि इस वर्ष विंटर वंडरलैंड का आनंद लेते हुए आप पील पब्लिक हेल्थ के निर्देशों का पालन करें।”

- *डॉ. लारेंस लोह (Dr. Lawrence Loh), मेडिकल अफसर ऑफ हेल्थ, रीजन ऑफ पील*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**

मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)

कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट

स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca